पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राजभवन में किया गया स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन
रक्तदान करके दूसरों की जान बचाना ही सबसे बड़ा दान - राज्यपाल

लखनऊः 01 अक्टूबर, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने कहा कि रक्तदान करके दूसरे लोगों को जीवनदान देना ही सबसे बड़ा दान है। उन्होंने कहा कि रक्त, रक्त ही होता है चाहे वह किसी भी धर्म, जाति, सम्प्रदाय अथवा अमीर या गरीब का हो। रक्त सभी का एक समान होता है उसमें किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होता है।

राज्यपाल आज राजभवन में डा0 राजेन्द्र प्रसाद मेमोरियल सोसाइटी एवं ट्रान्सफ्यूजन मेडिसिन विभाग, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का उद्घाटन करते हुए कहा कि समाज के लोगों में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन अत्यन्त आवश्यक है। इस प्रकार के शिविर लगाकर लोगों की सदियों से चली आ रही भ्रांतियों को दूर किया जाये ताकि अधिक से अधिक लोग रक्तदान करने के लिये प्रेरित हों। उन्होंने कहा कि जितना अधिक रक्तदान किया जायेगा उतनी ही अधिक संख्या में लोगों की जान बचायी जा सकेगी। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही रक्तबैंकों की भी ठीक से देख-भाल की जाये ताकि उसमें किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न की जा सके। रक्तबैंकांे में हेर-फेर करना बहुत बड़ा पाप होता है।

श्री नाईक ने कहा कि दान कई प्रकार के होते हैं जैसे अंगदान, नेत्रदान, देहदान तथा भूदान आदि परन्तु सबसे बड़ा दान रक्तदान ही होता जिससे मनुष्यों की जान बचायी जाती है। उन्होंने कहा कि अन्य दानों की अपेक्षा रक्तदान सबसे आसान होता है और यह समाज उपयोगी कार्य है। इस प्रकार के आयोजन से राजभवन की शोभा बढ़ती है तथा समाज में रक्तदान करने के प्रति जागरूकता आती है। उन्होंने कहा कि समाज उपयोगी कार्यों में राजभवन का सहयोग अत्यन्त आवश्यक है। अभी कुछ दिन पहले भी इसी प्रकार का दधीचि सम्मान समारोह का आयोजन राजभवन में किया गया था।

राज्यपाल ने इस अवसर पर राज्यपाल की प्रमुख सचिव सुश्री जूथिका पाटणकर, राज्यपाल के परिसहाय स्क्वाड्रन लीडर श्री प्रवीण भौरिया तथा सुश्री प्रीति मिश्रा, श्री अमित वर्मा, श्री बृजेश कुमार, श्री अजीत, श्री मंयक, श्री सलमान अहमद सहित 11 लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर श्री नरेश चन्द्रा, अध्यक्ष डा0 राजेन्द्र प्रसाद मेमोरियल सोसाइटी, राज्यपाल की प्रमुख सचिव सुश्री जूथिका पाटणकर, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो0 एम0एल0बी0 भट्ट, सुश्री तूलिका चन्द्रा सहित अन्य लोग उपस्थित थे। डा0 राजेन्द्र प्रसाद मेमोरियल सोसाइटी द्वारा राज्यपाल श्री राम नाईक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।

इससे पूर्व राजभवन में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में प्रमुख सचिव राज्यपाल सुश्री जूथिका पाटणकर तथा अन्य लोगों ने रक्तदान किया।

अशोक/ललित/राजभवन (381/01)

रक्त दाता आपका
हार्दिक स्वागत
है।

रक्तदान महादान!
रक्तदान कीजिये जीवन दान दीजिये!
''इन्सान का इन्सान से हो भाई चारा।

रक्तदान महादान!
स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का
श्री राम नाईक, मा० राज्यपाल उ०प्र०
: 1 अक्टूबर 2017 को प्रातः 9 बजे से
स्थान : राज भवन, लखनऊ